# कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

**(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)**

क्रमांक :– आरआरसी / गोपनीय / 1854 दिनांक :– 26.11.2025

## सत्रांत परीक्षा–2025–26 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने संबंधी कार्यक्रम

राजर्षि राजकीय (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय, अलवर में अध्ययनरत नियमित एंव पूर्व परीक्षार्थियों (ATKT/Ex/Due Paper) की सत्रांत परीक्षा 2025–26 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता है :–

| कं. स. | कक्षा / कोर्स | सेमेस्टर | श्रेणी | आवेदन करने की तिथि | 100/– विलम्ब शुल्क के साथ तिथि | दुगुने परीक्षा शुल्क के साथ तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B.Sc. Pt-I, II & III Under NEP-2020 (Biology Group, Math Group, Chemistry & Mathematics) | I & II<br>III & IV<br>V & VI | Regular | 27.11.2025 to 03.12.2025 | 04.12.2025 to 06.12.2025 | 07.12.2025 to 09.12.2025 |
| 2 | B.Sc. Pt-I & II Under NEP-2020 (Biology Group and Math Group, Chemistry & Mathematics ) | I & III | Ex/Due/ ATKT | | | |
| 3 | M.Sc. Previous & Final All Subject | I & II<br>III & IV | Regular | | | |
| 4 | B.Sc. Pt-I, II & III (Bio, Math, Chy. Hons. & Math Hons.) | I , III & V | Due/Back | | | |
| 5 | M.Sc. Pre. & Final All Subject | I & III | Due/Back | | | |

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

**कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर**
**(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)**

क्रमांक :– आरआरसी / गोपनीय / 1854 दिनांक : 26.11.2025

**सत्रांत परीक्षा (SEMESTER END EXAM.) सत्र–2025-26 के परीक्षा शुल्क का निर्धारण**

राजर्षि राजकीय (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय, अलवर में अध्ययनरत नियमित एंव पूर्व परीक्षार्थियों (ATKT/Ex/Due Paper) की सत्रांत परीक्षा 2025–26 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु परीक्षा शुल्क निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

| CLASS | EXAM FEES | | TOTAL FEE TO BE PAID |
|---|---|---|---|
| | I, III & V SEMESTER | II, IV & VI SEMESTER | |
| B.Sc. I YEAR (Sem I & II) NEP-2020 | 1000 | 1000 | Rs. 2000/- |
| B.Sc. II YEAR (Sem III & IV) NEP-2020 | 1000 | 1000 | Rs.2000/- |
| B.Sc. III YEAR (Sem V & VI) NEP-2020 | 1000 | 1000 | Rs.2000/- |
| M.Sc. (PREVIOUS) (Sem I & II) | 800 | 800 | Rs.1600/- |
| M.Sc. (FINAL) (Sem III & IV) | 850 | 850 | Rs.1700/- |
| B.Sc. I & II YEAR NEP-2020 ATKT/EX/Sem.I & III | 1000 | - | Rs.1000/- |
| B.Sc. (PASS & HONS.) DUE SEM. I & III | 700 | - | Rs.700/- |
| B.Sc. (PASS & HONS.) DUE SEM. V | 750 | - | Rs.750/- |
| M.Sc. (PREVIOUS) DUE SEM. I | 800 | - | Rs.800/- |
| M.Sc. (PREVIOUS) DUE SEM. III | 850 | - | Rs.850/- |

**नोटः–** परीक्षा शुल्क (ड्यू पेपर) रू. 200/– प्रति प्रश्न पत्र/संबंधित सेमेस्टर की नियमित परीक्षा शुल्क के बराबर जो भी न्यूनतम हो।

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

# कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

**(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)**

क्रमांक :– आरआरसी / गोपनीय / 1854 दिनांक :– 26.11.2025

## परीक्षा फॉर्म लॉगिन करने के निर्देश

1. महाविद्यालय के समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ के होम पेज पर जाकर कोर्स / कक्षा का चयन करना होगा।
2. तत्पश्चात् अपने रोल नं. निर्धारित स्थान पर भरने होगें।
3. उसके पश्चात् परीक्षार्थी अपनी जन्मतिथि या विश्वविद्यालय एनरोलमेन्ट नम्बर या पिता का नाम भरकर लॉगिन करें।
4. महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को समस्त सूचनाओं सहित आपका परीक्षा फॉर्म आपकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। फॉर्म में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, रोल नम्बर, फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि एवं परीक्षा से संबंधित आपके विषय व प्रश्न पत्रों की जाँच कर लेवें।
5. बी.एससी. सेमेस्टर - I एंव एम.एससी. पूर्वार्द्ध के सत्र 2025–26 में **नव प्रवेशित विद्यार्थी अपनी नवीनतम फोटो, स्वयं के हस्ताक्षर सहित स्केन (Scan) कर** परीक्षा आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। फॉर्म में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, रोल नम्बर, फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि एवं परीक्षा से संबंधित आपके विषय व प्रश्न पत्रों की जाँच कर लेवें।
6. परीक्षा फॉर्म में यदि कोई भिन्नता है तो महाविद्यालय की गोपनीय शाखा अथवा हैल्प लाईन नम्बर 9131368978 एवं ई–मेल rajrishi.onlineexamforms@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।
7. यदि सभी सूचनायें सही है तो UPI/Rupay/Debit card/Credit card अथवा Net Banking से शुल्क का भुगतान करें।
8. परीक्षा फॉर्म की दो हार्डकॉपी प्राप्त करें, एक हार्डकॉपी अपने पास रखें तथा दूसरी निर्धारित दस्तावेजों के साथ **आगामी दो कार्य दिवसों में महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करावें। परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा नहीं कराने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

क्रमांक :– आरआरसी/गोपनीय/1854 दिनांक : 26.11.2025

## सामान्य निर्देश

1. परीक्षा आवेदन पत्र, समय सारणी तथा परीक्षा आयोजन संबंधी अन्य जानकारियों हेतु महाविद्यालय परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ तथा महाविद्यालय वेबसाईट https://rrcollegealwar.in/ पर निरन्तर अवलोकन करते रहें।
2. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया व विनिर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करना होगा। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन सावधानी पूर्वक करें। **परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी की एक प्रति में यथास्थान पर हस्ताक्षर कर मय आवश्यक दस्तावेजों, पूर्व में उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका आदि के साथ आगामी दो कार्य दिवसों में महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में जमा करायें। परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जायेगा।**
3. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित परीक्षार्थी की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। **75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थी सत्रांत परीक्षा (Semester End Examination) मे सम्मिलित नहीं किया जायेगा।**
4. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश महाविद्यालय के परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट https://rrcalwar.onlineexamforms.com/ तथा महाविद्यालय की वेबसाईट https://rrcollegealwar.in/ पर उपलब्ध है।
5. परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी समस्या के लिये हैल्प लाईन नम्बर 91313 68978 एवं ई–मेल rajrishi.onlineexamforms@gmail.com पर सम्पर्क करें।
6. फॉर्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फॉर्म के आधार पर महाविद्यालय के परीक्षा अनुभाग की वेबसाईट पर ही परीक्षा शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फॉर्म प्रिंट नहीं होगा केवल परीक्षा शुल्क का निर्धारण होगा। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेंमेट गेटवे के माध्यम से UPI/Rupay/Debit card/Credit card अथवा Net Banking से ही करना होगा। परीक्षा शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फॉर्म का प्रिंट दो प्रतियों में निश्चित रूप में प्राप्त कर लेवें।

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

# कार्यालय, प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक, राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

**(An Autonomous Govt. Institutions Affiliated to RRBMU, Alwar)**

क्रमांक :– आरआरसी/गोपनीय/1854 दिनांक : 26.11.25

## परीक्षार्थी ध्यान रखें

1. बी.एससी. प्रथम वर्ष के सत्र 2025–26 में नियमित विद्यार्थी (Under NEP-2020) एंव एमएससी पूर्वार्द्ध में नव प्रवेशित अपनी नवीनतम फोटो एंव स्वयं के हस्ताक्षर सहित स्केन (Scan) कर परीक्षा आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। विद्यार्थी अपनी ABC ID निर्धारित स्थान पर अपलोड करें। इसके अलावा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की अन्य सूचनायें महाविद्यालय में प्रवेश आवेदन फॉर्म के अनुसार अपलोड कर दी गई हैं। विद्यार्थी इनको अच्छी तरह से जांच लेवें। (अपना नाम, माता व पिता का नाम वही भरें जो बोर्ड/विश्वविद्यालय की पूर्व उत्तीर्ण अंकतालिका में अंकित है।) यदि कोई भिन्नता होती है तो महाविद्यालय की गोपनीय शाखा में संपर्क करें।
2. बी.एससी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा एम.एससी. फाईनल एवं महाविद्यालय के पूर्व (Back) के विद्यार्थियों की समस्त सूचनायें ऑनलाईन आवेदन पत्र में अपडेट कर दी गई है। यदि कोई भिन्नता होती है तो महाविद्यालय की गोपनीय शाखा में संपर्क करें।
3. परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनायें सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़े।
4. एक बार परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात् शुल्क वापस नहीं होगा।
5. यदि परीक्षा फॉर्म भरने के दौरान आपके खाते से परीक्षा शुल्क राशि की कटौती हो जाती है परन्तु तकनीकी कारणों से परीक्षा शुल्क का ट्रान्जेक्शन सफल नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में 24 घण्टे के पश्चात् पुनः ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरें।
6. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् निर्धारित समय सीमा में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में जमा करावें। केवल परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जावेगी।
7. बी.एससी. प्रथम वर्ष एवं एम.एससी. प्रीवियस के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने राजस्थान बोर्ड/राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के अतिरिक्त अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से पात्रता परीक्षा (Eligibility Exam) उत्तीर्ण की है वे परीक्षार्थी अपना मूल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Original Migration Certificate) एवं पूर्व में उत्तीर्ण कक्षा की अंकतालिका परीक्षा फॉर्म की हार्डकॉपी के साथ संलग्न कर महाविद्यालय की अकादमिक शाखा में जमा करायें।
8. विद्यार्थी ध्यान रखें कि महाविद्यालय में डाक द्वारा या मेल द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मो पर विचार नहीं किया जावेगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगे।

प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर

परीक्षा नियंत्रक
राजर्षि महाविद्यालय, अलवर